सं. 3105/28/2016-बीसी. III
भारत सरकार
सूचना और प्रसारण मंत्रालय
'ए' विंग, शास्त्री भवन, नई दिल्ली- 110001

दिनांक: 14th अगस्त, 2024

सेवा में,

सभी प्राइवेट सैटेलाइट टीवी चैनल

पिछले कुछ वर्षों से, सूचना और प्रसारण मंत्रालय को सिविल सोसाइटी के सदस्यों से अनुरोध प्राप्त होते रहे हैं कि श्रवण बाधित व्यक्तियों को भी स्वतंत्रता दिवस समारोह/कमेंट्री का प्रसारण टीवी चैनलों पर सांकेतिक भाषा में व्याख्या के माध्यम से देखने की सुविधा प्रदान करें, ताकि श्रवण बाधित व्यक्ति भी इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय दिवस पर इस गौरवशाली समारोह का हिस्सा बन सकें।

2. राष्ट्र के नाम माननीया राष्ट्रपति महोदया, श्रीमति द्रौपदी मुर्मू का संदेश स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या 14 अगस्त, 2024 (बुधवार) को शाम 7:00 बजे लाइव प्रसारित किया जाएगा । माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा लाल किले की प्राचीर से ध्वजारोहण और उनका संबोधन 15 अगस्त, 2024 (वीरवार) को सुबह 06:30 बजे से संपूर्ण दूरदर्शन नेटवर्क पर लाइव प्रसारित किया जाएगा । प्राइवेट सैटेलाइट टीवी चैनल कार्यक्रमों की फीड निशुल्क प्रसारित कर सकते हैं। इसके अलावा श्रवण बाधित लोगों के लिए डीडी भारती चैनल कार्यक्रमों की सांकेतिक भाषा में व्याख्या प्रसारित करेगा।

3. आगामी स्वतंत्रता दिवस/समारोह/कमेंट्री का सीधा प्रसारण करने में रुचि रखने वाले सभी प्राइवेट सैटेलाइट टीवी चैनल दिव्यांगो के लाभ के लिए सांकेतिक भाषा व्याख्या के साथ डीडी न्यूज/डीडी-नैशनल और डीडी भारती के सिग्नल प्रसारित कर सकते हैं और इस कार्यक्रम को उनके लिए सुलभ बना सकते हैं।

अंकिता ढांडा

(अंकिता ढ़ांडा)
अवर सचिव,भारत सरकार
दूरभाषः 23073316

प्रतिलिपिः

1. अध्यक्ष, द इंडियन ब्रॉडकास्टिंग एंड डिजिटल फांउडेशन (आईबीडीएफ), नई दिल्ली
2. अध्यक्ष, न्यूज ब्रॉडकास्टर्स फेडरेशन (एनबीएफ), नई दिल्ली
3. समाचार प्रसारकों के अन्य संघ